**मि.सं. 1-5/2023/ प्रकाशन**
**केंद्रीय हिंदी निदेशालय**
**शिक्षा मंत्रालय**
**उच्चतर शिक्षा विभाग**

**पश्चिम खण्ड-7 रामकृष्णपुरम**
**नई दिल्ली-110066**

**अंग्रेजी हिंदी, भारतीय भाषाओं तथा विदेशी भाषाओं में टाइपसैटिंग के कार्य हेतु निविदाएं (दरें) आमंत्रित करना ।**

**पृष्ठभूमिः-** संविधान के अनुच्छेद 351 के अनुसरण में हिंदी के प्रचार-प्रसार एवं इसे संपर्क भाषा के रूप में संपूर्ण भारत में विकसित करने के उद्देश्य से 01 मार्च, 1960 को शिक्षा मंत्रालय उच्चतर शिक्षा विभाग के अंतर्गत केंद्रीय हिंदी निदेशालय की स्थापना की गई। यह विभाग भारत में हिंदी भाषा की देवनागरी लिपि एवं इसकी वर्तनी के नियमन का कार्य भी करता है |

अपने उद्देश्य की प्राप्ति के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए केंद्रीय हिंदी निदेशालय विभिन्न क्रियाकलापों का आयोजन करता है, जिनमें मुख्यतः विभिन्न हिंदी पत्राचार पाठ्यक्रमों का आयोजन, पुस्तक प्रकाशन, कोश निर्माण, पत्रिका स्वयं शिक्षक पुस्तक निर्माण आदि है। केंद्रीय हिंदी निदेशालय विभिन्न भारतीय एवं विदेशी भाषाओं के प्रकाशनों के कार्य के लिए टाईपसैटरों का एक पैनल तैयार करने का इच्छुक है।

**प्रस्तावः-** केंद्रीय हिंदी निदेशालय भारतीय भाषाओं (भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में दर्ज) एवं विभिन्न विदेशी भाषाओं के प्रकाशन से संबंधित कार्य करता है। केंद्रीय हिंदी निदेशालय के प्रकाशनों में मुख्यतः एकल भाषा पुस्तकें, द्विभाषी कोश, त्रिभाषा कोश, बहुभाषा कोश, पारिभाषिक कोश, वार्तालाप पुस्तक, स्वयं शिक्षक पुस्तक, पत्रिकाएं, पत्राचार पाठ्यक्रम सामग्री जैसे पाठ सामग्री व उत्तर पत्र इत्यादि शामिल है।

केंद्रीय हिंदी निदेशालय टाइपसैटिंग (डी.टी.पी.) कार्य के लिए निविदाएं आमंत्रित करता है, जिसमें ग्रीक सिंबल / मैथमैटिकल साईन/डायाक्रिटिकल मार्क्स इत्यादि भी शामिल हैं। कुछ पुस्तकों में तस्वीरें/चित्र/ग्राफिक्स चित्र (इलयूस्ट्रेशनंस) ग्राफिक्स/ड्राइंग इत्यादि शामिल है। प्रकाशन विभिन्न प्रकार के आकार का हो सकता है जो कि प्रत्येक प्रकाशन की प्रकृति पर निर्भर करता है। चाहे यह बहुभाषी अथवा द्विभाषी हो, इसी तरह पुस्तक के लेआऊट पर निर्भर करता है कि वह पुस्तक सिंगल कॉलम की है, अथवा डबल कॉलम की यह पुस्तक की भाषा एवं आकार पर भी निर्भर करता है। टाईप सैटर द्वारा पुस्तक का कवर डिजाईन भी प्रस्तुत किया जाएगा। टाईपसैटरों को विभिन्न भाषाओं में टाईपसैटिंग का कार्य समय पर पूरा करने की पर्याप्त योग्यता / क्षमता होनी चाहिए। कार्य को पूर्ण करने के पश्चात उन्हें कार्य की सॉफ्ट कापी निम्न फारमैट जैसे- पेज मेकर, कोरल ड्रा, इंडिजाईन, फोटोशाप इत्यादि में देनी होगी। (कृपया निविदा की अनुलग्नक 'ग' नियम एवं शर्ते देखें)।

**कार्यक्षेत्रः-** प्रकाशनों का आकार डिमाई आक्टोवो (1/8 डेमी) क्राऊन क्वार्टो (1/4 क्राउन) तथा डिमाई क्वार्टो (1/4डेमी) हो सकता है।

अधिकांश कार्य (जॉब) मुद्रण के उद्देश्य से दिए जांएगे, जबकि कुछ प्रकाशनों को ई पुस्तकों के निर्माण के उद्देश्य से उपयुक्त फार्मेट में वैबसाइट पर अपलोडिंग करने के उद्देश्य से मंगाया जा सकता है। अतः उन्हे यूनीकोड़ में प्रस्तुत करने को आवश्यकता होगी। कंम्प्यूटर पर टाईपसेटिंग का कार्य करते हुए, अंग्रेजी एवं हिंदी भाषाओं की शिफटिंग संभवतः आसान होगी, जबकि हिंदी एवं क्षेत्रीय भाषा को शिफटिंग कठिन हो सकती है। अतः निविदाकार को निविदा प्रस्तुत करने से पूर्व सलाह दी जाती है, कि निविदा प्रपत्र में दिए गए कार्य की प्रकृति व नियम एवं शर्तों को ध्यान से पढ़ लें। जो निविदाकार निविदा प्रस्तुत करने से पूर्व कार्य की प्रकृति/प्रकाशन की जानकारी लेना चाहते है, वे अपनी संतुष्टि के लिए प्रत्यक्ष रूप से कार्यालय में उपस्थित होकर कार्य के प्रति आश्वस्त हो सकते है।

जो टाईपसैटर निदेशालय के पैनल में अपने आपको सूचीबद्ध कराने में इच्छुक है वे केंद्रीय हिंदी निदेशालय की अपेक्षाओं को पूर्ण करने में योग्य है, उनसे अनुरोध है कि निविदा में दिए गए प्रपत्र (कोटेशनस) तथा अन्य दस्तावेज भरें।

जमा बयाना राशि (ई.एम.डी.) सफल टाईपसैटरों (फर्मो) को निष्पादन गांरटी के रूप में 15,000/- रू. की राशि का बैंकर चैक/डीडी/पे आर्डर, निदेशक, केंद्रीय हिंदी निदेशालय, नई दिल्ली के नाम पर देय (in favour of) प्रस्तुत करना होगा।

मुहरबंद निविदाएं उप निदेशक (मुद्रण), केंद्रीय हिंदी निदेशालय, पश्चिम खंड-7, रामकृष्ण पुरम, नई दिल्ली -110066 को दिनांक 08/10/2024 तक सायं 5:00 बजे तक डाक अथवा दस्ती रूप से "Quotation for Empanelment of Type Setters" लिखे हुए लिफाफे में पहुँच जानी चाहिए, जो कि उसी दिन सांय 5:30 बजे खोली जाएंगी।

टाईप सैटर अथवा उनके प्रतिनिधि यदि चाहे, तो दरें खुलने के समय उपस्थित रह सकते है।

कृपया निविदा प्रपत्र के अनुलग्नक 'ग' पर दिए गए नियम एवं शर्तें ध्यान से पढे।

**पात्रता:-**

1. फर्म को संबंधित कार्य का कम से कम तीन वर्ष का अनुभव होना चाहिए।
2. फर्म का PAN/VAT/TIN/ GST No. होना चाहिए, व इनकी एक एक प्रति संलग्न की जानी चाहिए ।
3. वांछित सूचना निविदा प्रपत्र के अनुलग्नक 'क' अर्थात् कंपनी प्रोफाइल एव अनुलग्नक प्रपत्र 'ख' कोटेशन ऑफ दी टेंडर फार्म में विधिवत् भरी जानी चाहिए।
4. बोलीकर्ता को भारत सरकार/प्रदेश सरकार के विभाग/मंत्रालय/सार्वजनिक उपक्रम/प्रतिष्ठित शैक्षिक संस्थान की काली सूची में नही होना चाहिए।

5. बोलीकर्ता ने पिछले तीन वर्षों में केंद्रीय/प्रदेश सरकार के किसी विभाग/संगठन प्रतिष्ठित शैक्षिक संस्थान के इसी तरह के कम से कम तीन कार्यों का सफलतापूर्वक निष्पादन किया होना चाहिए।

**नोटः** कंपनी प्रोफाइल/तकनीकी बोली/वित्तीय बोली को अलग-अलग लिफाफों में उन पर लिखकर प्रस्तुत करना अपेक्षित है।

## अनुलग्नक - क
## निविदा प्रपत्र
## कंपनी प्रोफाइल (विवरण)

1. कंपनी का नाम

2. स्थापना वर्ष

3. (क) पता
(ख) दूरभाष सं.
(ग) मोबाईल नं.
(घ) ई-मेल
4. शाखाएं, यदि कोई हो, एवं पता

5. उपलब्ध तकनीकी सुविधाएं (विवरण सहित )

(क) कंम्पयूटर/ लेपटाप की संख्या
(ख) स्कैनर (क्रमवीक्षक)
(ग) प्रिंटर (मुदित्र)
(घ) यू.पी.एस.
(ङ.) इंटरनेट कनैक्शन (संयोजन और गति)
(च) उपलब्ध भाषाएं

6. उपलब्ध कामगारः

7. समरूप किए गए कार्यों का विवरणः

8. महत्वपूर्ण ग्राहकः (सरकारी तथा अन्य )

9. वितीय टर्नओवर (अद्‌यतन)

10. अन्य महत्वपूर्ण सूचना,

अर्थात् पंजीकरण सं./पैन नं./जी.एस.टी.नं.

**अनुलग्नक (ख)**
**निविदा फार्म**
**कोटेशन (दर)**

| क्र.सं. | विवरण | विभिन्न आकार की पुस्तक की दर प्रति प्रष्ठ | | |
|---|---|---|---|---|
| | कार्य का विवरण | 5.5"X8.5" 1/8 डिमाई | 7.25X9.5" ¼ क्राउन | 8.5"X11" ¼ डिमाई |
| 1 | एकल भाषा-अंग्रेजी में पुस्तकों की टाईप सेटिंग रनिंग टैक्सट | | | |
| 2 | एकल भाषा-हिंदी में पुस्तकों की टाईप सेटिंग- रनिंग टैक्सट | | | |
| 3 | द्विभाषी पुस्तकों (अंग्रेजी एवं हिंदी) जैसे कि वार्तालाप पुस्तक की टाईप सैटिंग- रंनिग टैक्सट लिप्यंतरण सहित | | | |
| 4 | द्विभाषी पुस्तकों (अंग्रेजी एवं हिंदी) जैसे स्वयं शिक्षक की टाईप - रनिंग टैक्सट लिप्यंतरण सहित | | | |
| 5 | द्विभाषी पुस्तकों (अंग्रेजी एवं हिंदी) जैसे स्वयं शिक्षक की टाईप सेटिगं साधारण बाये से दाएं | | | |
| 6 | द्विभाषी पुस्तकों की टाईपसेटिंग (हिंदी एवं अन्य भारतीय भाषा) जैसे वार्तालाप पुस्तक एवं स्वयं शिक्षक रंनिग टैक्सट लिप्यंतरण सहित साधारण बायें से दाएं | | | |
| 7 | द्विभाषी पुस्तकों की टाईप सेटिंग (जैसे वार्तालाप पुस्तक, स्वयं शिक्षक पुस्तक) हिंदी एवं अन्य भारतीय भाषा में रंनिग टैक्सट, बाये से दाएं एवं दाएं से बाएं जैसे कश्मीरी/सिंधी/उर्दू | | | |
| 8 | द्विभाषी पुस्तकों की टाईप सेटिंग (वार्तालाप एवं स्वयं शिक्षक) हिंदी एवं अन्य भारतीय भाषाओं में रंनिग टैक्सट लिप्यंतरण सहित बाये से दाएं एवं दाएं से बाएं जैसे कश्मीरी/सिंधी/उर्दू | | | |
| 9 | द्विभाषी कोशों की टाईप सेटिंग अंग्रेजी एवं हिंदी | | | |
| 10 | पारिभाषिक कोशों की टाईपसेटिंग अंग्रेजी एवं हिंदी (अंग्रेजी प्रविष्टि एवं इसके हिंदी समतुल्य सहित कुछ पंक्तियों में हिंदी में स्पष्टीकरण | | | |
| 11 | द्विभाषी कोशों की टाईपसेटिंग हिंदी और कोई भी अन्य भारतीय भाषा बाएं से दाएं | | | |
| 12 | द्विभाषी कोशों की टाईपसेटिंग हिंदी ओर कोई भी अन्य भारतीय भाषा दाएं से बाएं | | | |
| 13 | पारिभाषिक कोशों की टाईपसेटिंग का कार्य व्याकरिणक टिप्पणी अंग्रेजी- हिंदी सहित (अंग्रेजी प्रविष्टी इसके हिंदी समतुल्य एवं कुछ | | | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | पंक्तियों में इसका हिंदी स्पष्टीकरण) | | | |
| 14 | पारिभाषिक कोशों की टाईपसेटिंग का कार्य व्याकरिणक टिप्पणी हिंदी एवं कोई अन्य भारतीय भाषा (हिंदी प्रविष्टि इसके समतुल्य तथा कुछ पंक्तियों में इनका लक्ष्य भाषा में स्पष्टीकरण) | | | |
| 15 | द्विभाषी कोशों की टाईपसेटिंग हिंदी एवं अन्य किसी विदेशी भाषा (बाएं से दाएं) | | | |
| 16 | द्विभाषी कोशों की टाईपसेटिंग हिंदी एवं अन्य किसी विदेशी भाषा (दाएं से बाएं) | | | |
| 17 | त्रिभाषा कोशों की टाईपसेटिंग का कार्य अंग्रेजी-हिंदी एवं अन्य किसी क्षेत्रीय भाषा (बायें से दाएं) | | | |
| 18 | त्रिभाषा कोशों की टाईपसेटिंग का कार्य अंग्रेजी हिंदी एवं अन्य किसी क्षेत्रीय भाषा (दाएं से बाएं) | | | |
| 19 | त्रिभाषा कोशों की टाईपसेटिंग का कार्य अंग्रेजी-हिंदी एवं अन्य किसी विदेशी भाषा (बाएं से दाएं) | | | |
| 20 | त्रिभाषा कोशों की टाईपसेटिंग का कार्य अंग्रेजी - हिंदी एवं अन्य किसी विदेशी भाषा (दाएं से बाएं) | | | |
| 21 | द्विभाषिक पुस्तकों की टाईपसेटिंग (जैसे कोश) हिंदी एवं अन्य किसी भारतीय भाषा तालिकाबद्ध रूप में। | | | |
| 22 | द्विभाषा पुस्तकों की टाईपसेटिंग (जैसे कोश) हिंदी एवं अन्य किसी भारतीय भाषा (दाएं से बाएं जैसे कश्मीरी सिंधी, उर्दू) तालिका बद्ध रूप में। | | | |
| 23 | पुस्तक कवर डिजाईन (आगे व पीछे) | | | |
| 24 | प.पा.वि. के विभिन्न पाठ्यक्रम के पाठ, उत्तर पत्र, प्रशन पत्र, द्विभाषी टाइप सेटिंग हिंदी-अंग्रेजी, हिंदी-बांग्ला, हिंदी- मलयालम \| | | | |

(क) गणित्तीय/विशेषक फांट के लिए अतिरिक्त प्रभार......%

(ख) तालिका/सारणी मामलों में अतिरिक्त प्रभार......%

(ग) प्रतिबिंब क्रमवीक्षण और स्थापना हेतु अतिरिक्त प्रभार............ प्रति प्रतिबिंब

(घ) तीन प्रिंट से अधिक प्रिंट आउट के लिए अतिरिक्त प्रभार........... प्रति पृष्ठ

(ङ) बटर पेपर पर प्रिंट देने का अतिरिक्त प्रभार...... प्रति पृष्ठ

(च) सी.डी. में पूरा कार्य करके देने का प्रभार.................... प्रति सी.डी.

(छ) पैन ड्राईव में पूरा कार्य करके देने का प्रभार.......................... प्रति पैन ड्राईव

## <u>वचन</u>

मैनें/हमने नियम एवं शर्तें पढ़ ली है। एवं एतद्द्वारा इनका अनुपालन करने और उपर्युक्त दरों पर कार्य पूर्ण करने के लिए सहमत हूँ। हम इस तथ्य से भी सहमत है कि निविदा और कार्य निष्पादन से संबंधित मामलों में निदेशक, केंद्रीय हिंदी निदेशालय का निर्णय अंतिम तथा बाध्यकारी रहेगा।

हस्ताक्षर

मोहर सहित

## अनुलग्नक 'ग'

## नियम एवं शर्तें

1. फर्मों द्वारा दरें निधारित प्रपत्रों तथा संलग्नकों सहित प्रस्तुत की जानी चाहिए। तकनीकी निविदाएं पहले खोली जाएंगी, तत्पशचात केवल उन्हीं फर्मों की वितीय निविदाएं खोली जाएंगी, जो तकनीकी रूप से पात्र पाई जाएंगी।
2. निविदाएं प्रस्तुत करने मात्र से फर्म स्वयमेव पात्र नहीं हो जाएगी। केंद्रीय हिंदी निदेशालय द्वारा विवरणों की संवीक्षा की जाएगी और आवश्यक होने पर फर्म के परिसर का दौरा भी किया जा सकता है।
3. सफल निविदां का निर्धारण समग्र रूप में सभी निविदाओं में से L-1 (न्यूनतम) के आधार पर किया जाएगा।
4. केंद्रीय हिंदी निदेशालय न्यूनतम दरों ओर टाईपसैटर की कार्य करने की सहमति को ध्यान में रखते हुए इस प्रकार की दरों पर काम करवाने के लिए टाईपसैटरों का एक पैनल तैयार करेगा।
5. सफलतम टाईपसैटर को निष्पादन गांरटी का एक 15,000/- रु राशि का बैंक ड्राफ्ट/पे आर्डर/ बैंकर चैक निदेशक, केंद्रीय हिंदी निदेशालय नई दिल्ली के पक्ष में प्रस्तुत करना होगा।
6. सफलतम निविदाकार को केंद्रीय हिंदी निदेशालय के साथ एक अनुबंध (करारनामा) हस्ताक्षरित करना होगा।
7. अनुबंध हस्ताक्षर करने की तिथि से दो वर्ष तक यह संविदा वैध रहेगी। निदेशक, केंद्रीय हिंदी निदेशालय द्वारा फर्म की सहमति से इसकी अवधि बढ़ाई जा सकती है।
8. केंद्रीय हिंदी निदेशालय द्वारा हस्तलिखित / टाईप फार्मेट में पांडुलिपि उपलब्ध करायी जाएगी। निदेशालय द्वारा अकारादिक्रम में (शब्दकोश) सामग्री उपलब्ध करायी जाएगी। आकारादि क्रम के अनुसार प्रविष्टि में थोड़ा बहुत परिवर्तन हो सकता है। निदेशालय प्रतिबिंब/फोटो यदि कोई है, तो उसे उपलब्ध कराएगा। कार्य पूरा हो जाने के बाद सम्पूर्ण सामग्री केंद्रीय हिंदी निदेशालय को वापस करनी होगी।
9. प्रूफ के रूप में दो प्रिंट देने होंगे तथा तीसरा प्रूफ अंतिम माना जाएगा। सभी प्रकार के सुधार जो कि निदेशालय के अधिकारियों/विशेषज्ञों द्वारा चिन्हित किए जाएंगे, उन सभी त्रुटियों का संशोधन टाईपसैटरों को करना होगा। समुचित गुणवता के कागज पर लेजर प्रिंट उपलब्ध कराना होगा। तीन प्रिंट के बाद कोई अतिरिक्त प्रिंट देने के लिए अतिरिक्त प्रभार का विवरण निविदा के बिंदु 'ख' में उल्लेख किया जाए।
10. कुछ कार्यों(जॉब) में गणितीय/वैज्ञानिक/विशेषक फांट प्रयुक्त करने की आवश्यकता हो सकती है। ऐसे कार्य के लिए निविदा के बिंदु (क) एवं (ग) में अतिरिक्त प्रभार का उल्लेख किया जाए।
11. भाषा और प्रकाशन की प्रकृति के अनुरूप प्रयुक्त किए जाने वाले फांट के आकार में परिवर्तन हो सकता है। दर का उल्लेख करने के संदर्भ में टाइपसेटर्स यह ध्यान में रखे कि सामान्य फांट आकार पंक्तियों/शब्दों के मध्य डिफाल्ट स्पेसिंग के साथ 11 प्वाइंट टाइम्स रोमन के समान होना चाहिए। टाईपसैटर्स को पृष्ठ संख्या बढ़ाने के लिए अतिरिक्त स्पेसिंग का इस्तेमाल नही करना चाहिए। आदेश प्राप्त होने के बाद केंद्रीय हिंदी निदेशालय के

संबंधित अधिकारी को प्रिंट आउट के नमूने का एक पृष्ठ प्रस्तुत करना होगा तथा उनके निर्देशानुसार फांट का आकार/स्पेसिंग ले आऊट होगा।

12. कार्य पूर्ण होने पर टाईपसैटर्स को कार्य की यूनिकोड में साफ्ट कॉपी (ओपन फाईल एवं पी.डी.एफ. और जहां भी आवश्यक हो एम.एस.वर्ड फाईल में) सी.डी./डी.वी.डी./पैन ड्राईव और जो भी फांट पुस्तक में प्रयोग किया गया है, उस सहित प्रस्तुत करनी होगी। सी.डी./डी.वी.डी./पैन ड्राईव में कोई भी त्रुटि नहीं होनी चाहिए।
13. टाईपसैटर्स को सौपा गया कार्य निधारित समय में सभी प्रकार से पूर्ण करना होगा। इसमें असफल रहने पर भुगतान की गई निष्पादन गांरटी को जब्त किया जा सकता है।
14. अधिकांश कार्य मुद्रण तथा ऑनलाइन हेतु दिए जाएंगे, कार्य मुद्रण हेतु दिए जाएंगे तथा ऑनलाइन प्रकाशन हेतु वेबसाईट पर अपलोड करने के लिए समुचित फार्मेट की आवश्यकता होगी। ई वर्जन (ई-बुक) बनाने के लिए उपयुक्त फार्मेट को साफ्ट कॉपी सी.आर. सी के साथ देनी होगी। टाईपसेटिंग के लिए यूनिकोड फांट का इस्तेमाल किया जाएगा।
15. केंद्रीय हिंदी निदेशालय को सभी प्रकार के असंतोषजनक कार्य को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।
16. टाइपसैटर्स द्वारा शर्तों का पालन न किए जाने पर केंद्रीय हिंदी निदेशालय को बिना कोई कारण बताएं अनुबंध को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।
17. निदेशक, केंद्रीय हिंदी निदेशालय का सभी मामलों में निर्णय अंतिम है। किसी विवाद की स्थिति में सरकार का अभिमत प्राप्त किया जाएगा और उस स्थिति में उनका निर्णय अंतिम होगा।
18. केंद्रीय हिंदी निदेशालय बिना कोई कारण बताएं निविदा की किसी भी शर्तें को परिवर्तित विलुप्त और संशोधित कर सकते है।
19. निविदाओं को बिना कोई कारण बताए निरस्त किया जा सकता है।
20. सभी न्यायिक विवादों का क्षेत्राधिकार दिल्ली होगा।